B.A. Part-3
Political Sociology

Topic: - Raajnitik Samajikaran (Paper-7)

प्र०- राजनीतिक समाजीकरण को परिभाषित करते हुए उनके प्रकारों का वर्णन करें।

उत्तर → साधारणतः बोलचाल की भाषा में राजनीतिक समाजीकरण की अवधारणा समाजीकरण पर आधारित है। यह वह प्रक्रिया है जो नागरिकों को राजनीतिक क्षेत्र में सहभागिता ग्रहण करने के लिए प्रशिक्षित करती है। किसी भी देश की राजनीतिक संस्कृति का पहचान और महत्व में गतिशीलता राजनीतिक समाजीकरण के माध्यम से ही होता है। यानि यह वह प्रक्रिया है जो मनुष्य को बचपन से अंतिम समय तक सभी क्षेत्रों में ज्ञान उपलब्ध कराती है। समाजीकरण को परिभाषित करते हुए जानसन ने लिखा है कि "समाजीकरण एक प्रशिक्षण है जो प्रशिक्षार्थी को समाज में उसकी भूमिका सिखाता है।" इस प्रकार राजनीतिक समाजीकरण समाज में व्यक्ति को रहना और सीखने की प्रवृत्ति को जागृत करता है।

NARAIN DASS

Scanned by CamScanner

(2)

Date

समाज में जब कभी परिवर्तन होने लगता है तो समाजीकरण के माध्यम से ही लोग राजनीति के प्रति जागरूक होते हैं तथा शासन में भागीदारी बढ़ाते हैं। राजनीतिक संस्कृति के निर्माण में राजनीतिक समाजीकरण का बहुत बड़ा योगदान है।

सीजल ने कहा है " राजनीतिक समाजीकरण सीख की वह प्रक्रिया है, जिसके द्वारा प्रचलित राजनीतिक व्यवस्था का स्वीकृत आदर्श, धारणाओं एवं व्यवहारों की क्रमशः सीख मिलती है।" ग्रीन स्टीन के अनुसार " राजनीतिक समाजीकरण अभिकर्ताओं के माध्यम द्वारा, जिन्हें औपचारिक रूप से यह उत्तरदायित्व सौंपा गया है- राजनीतिक सूचना, मूल्यों एवं व्यवहारों का विमर्शपूर्वक अंतर्निवेशन है।" लैंगटन के अनुसार " राजनीतिक समाजीकरण व्यक्ति की राजनीतिक व्यवस्था में सहभागिता के लिए मूल्यों, आदतों और प्रेरणा का साधन है।"

इस प्रकार राजनीतिक समाजीकरण के माध्यम से राजनीतिक संस्कृति को जिंदा रखा जा सकता है, तथा समयानुसार परिवर्तन भी किया जा सकता है।

NARAIN DASS

Scanned by CamScanner

Date

प्रकार

राजनीति समाजीकरण के प्रकार निम्नलिखित है-

1. **प्रत्यक्ष राजनीतिक समाजीकरण** →

जब कोई व्यक्ति राजनीतिक मूल्यों या अपनी संस्कृति तथा विचारों को प्रत्यक्ष साधन द्वारा प्राप्त करने की कोशिश करता है, उसे प्रत्यक्ष राजनीतिक समाजीकरण कहते हैं। इस प्रकार के समाजीकरण में व्यक्ति बेहतर एवं उच्च शिक्षा के माध्यम से राजनीति में प्रवेश करना चाहता है तथा अपने उद्देश्यों और अधिकारों की प्राप्ति करना चाहता है। अगर हम चीन का इतिहास देखें तो पायेंगे कि वहाँ के सभी शिक्षण संस्थानों के पाठ्यक्रम में लेनिन, मार्क्स और माओ के विचारों को शामिल किया गया है एवं शिक्षा में अनिवार्य किया गया है। इस प्रकार का समाजीकरण स्थायी नहीं होता क्योंकि शासन व्यवस्था बदलते ही राजनीतिक समीकरण बदल जाता है।

2. **अप्रत्यक्ष राजनीतिक समाजीकरण** →

अप्रत्यक्ष राजनीतिक समाजीकरण में छल-प्रपंच या जोड़तोड़ की राजनीति नहीं होती है। राजनीतिक संस्कृति से इसका अटूट

Scanned by CamScanner

Date

संबंध रहता है। अप्रत्यक्ष समाजीकरण की प्रक्रिया एक स्थायी और निरंतर चलती रहती है। इसप्रकार जब व्यक्ति की मनोवृत्ति, संवेदना का झुकाव सत्ता प्राप्त करने की ओर उन्मुख होता है, उसे ही हम अप्रत्यक्ष या अप्रकट राजनीतिक समाजीकरण कहते हैं।

(3) पुरातन राजनीतिक समाजीकरण →

इस प्रकार के समाजीकरण में राजनीति जागृति शून्य की स्थिति में रहती है। जिस व्यक्ति के पास राजनीतिक सत्ता होती है, वह उसमें कोई आधुनिकीकरण नहीं करना चाहता क्योंकि सत्ता पुरानी परम्पराओं पर आधारित होती है। शासक वर्ग कोई नवीन प्रणाली नहीं लाना चाहते। यह समाजीकरण रूढ़िवादी व्यवस्था पर आधारित होती है। इसमें किसी भी प्रकार का परिवर्तन विद्रोह माना जाता है। यह केवल धूमेत एवं कबायली समाज में पाया जाता है।

(4) आधुनिक राजनीतिक समाजीकरण :—

इस राजनीतिक व्यवस्था को आधुनिक समाजीकरण कहा जाता है जिसमें व्यक्ति को प्रारंभिक काल से ही राजनीतिक ज्ञान दी जाती है ताकि वे

NARAIN DASS

Scanned by CamScanner

होने पर राजनीतिक सत्ता आसानी से प्राप्त कर सके। व्यक्ति में राजनीतिक जागरूकता लाने के लिए तथा नेतृत्व का ज्ञान हासिल करने के लिए समाचार पत्रों, रेडियो, दूरदर्शन एवं जनसम्पर्क के द्वारा योग्य बनाया जाता है। वैसे आधुनिक समाजीकरण में अधिकांश व्यक्ति राजनीतिक सत्ता प्राप्त करने के लिए सभी प्रकार के हथकंडों का इस्तेमाल करते हैं - चाहे कपट, फरेब, धोखाधड़ी आदि।

इस प्रकार हम कह सकते हैं कि मनुष्य को राजनीतिक कुर्सी दिलाने में राजनीतिक समाजीकरण का बहुत योगदान है। क्योंकि इसका संबंध राजनीतिक संस्कृति, राजनीतिक विकास, राजनीतिक आधुनिकीकरण एवं राजनीतिक व्यवहार से अन्धा संबंध है। इसप्रकार राजनीतिक समाजीकरण की प्रक्रिया राजनीति विज्ञान की एक नई संकल्पना है।

× × × × × ×

Scanned by CamScanner